नवभारत
www.navbharatlive.com

समारोह | ओरिएंटल कॉलेज का मनाया गया रंगारंग वार्षिकोत्सव

बच्चों ने देश प्रेम-भाईचारे का दिया संदेश

■ **मुंबई, (सं).** ओरिएंटल कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट (जूनियर एवं डिग्री कॉलेज) तथा ओरिएंटल कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (बी.एड. कॉलेज) का वार्षिकोत्सव अंधेरी पश्चिम स्थित एच.के. ग्राउंड में धूमधाम से आयोजित हुआ. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रदर्शित करना, राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करना और सांस्कृतिक व कलात्मक अभिव्यक्ति को एक मंच प्रदान करना था. 'राष्ट्रीय एकता और भारत के जश्न-ए-रंग' थीम पर आधारित समारोह में नृत्य, संगीत, नाटक और फैशन शो ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया. वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत और दीप प्रज्वलन से हुआ. इसके बाद पूर्व नगरसेविका राजुल पटेल, शिक्षा अधिकारी संजय जावीर, ओशिवारा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मोहन पाटिल एवं साइबर क्राइम के उपनिरीक्षक विजय मांदिये का प्राचार्य डॉ. मसारत अली, तुषार लोखंडे की उपस्थिति में सम्मान किया गया.

राष्ट्रीय एकता गीत से समारोह का समापन

■ प्राचार्या डॉ. प्रियंका पांडेय व प्राचार्य डॉ. अब्दुल अजीज शेख ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए.

■ दक्षिण भारत की झलक प्रस्तुत करने के साथ ही बॉलीवुड गानों पर नृत्य, उत्तर प्रदेश की प्रसिद्ध कथक नृत्य शैली की एकल प्रस्तुति और देश भक्ति गीतों का समूह गान भी प्रस्तुक किया गया. बी.एड. कॉलेज के स्टाफ ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इस दौरान कृतिका सिंह, सौरभ गुप्ता, आयशा शेख, शिवानी यादव, अलीशा खान, रोहन कुमार, स्नेहा पाटिल, अफरीन शेख, सुधीर नायर और नंदिनी मिश्रा जैसी प्रतिभाओं को अतिथियों ने प्रोत्साहित किया.

■ समारोह का समापन राष्ट्रीय एकता गीत के साथ किया गया, जिसमें देश प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत किया गया. यह भव्य आयोजन विद्यार्थियों के लिए अपनी रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने का एक प्रभावी मंच साबित हुआ.

■ मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने सभी बच्चों को प्रेरित किया और पूरे कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की.

Mumbai plus Edition
Mar 03, 2025 Page No. 2
Powered by: navbharatlive.com